# एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान

## चर्चा में क्यों?

'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान के तहत, **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने** उत्तर प्रदेश के बागपत में दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर 40,000 पेड़ लगाने के लिये **वृक्षारोपण अभियान** शुरू किया।

## मुख्य बिंदु

**'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' का राष्ट्रव्यापी प्रभाव:**

- **'एक पेड़ माँ के नाम 2.0'** पहल के अंतर्गत **NHAI** अब तक **देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों** पर **5.12 लाख से अधिक पेड़** लगा चुका है।
  - इस पहल के दूसरे **चरण का शुभारंभ** प्रधानमंत्री **द्वारा** विश्व पर्यावरण दिवस **5 जून, 2025 को** किया गया।
  - इसका उद्देश्य है **माताओं के नाम पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करके उन्हें सम्मानित करना** तथा **पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति श्रद्धांजलि** के साथ जोड़ना, जो यह दर्शाता है कि **माताएँ भी पेड़ों की भाँति जीवन का पोषण और संरक्षण करती हैं**।
- **अभियान का लक्ष्य है:**
  - राजमार्गों के किनारे **वृक्षारोपण** की पूर्ण संतृप्ति
  - सरकारी निकायों, **स्थानीय प्राधिकरणों तथा समुदायों सहित** अनेक हितधारकों की भागीदारी
  - **हरित, लचीले और टिकाऊ** राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का निर्माण
- **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI):**
  - **NHAI** की स्थापना **NHAI अधिनियम, 1988** के तहत **सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH)** के प्रशासनिक नियंत्रण में की गई थी।
  - **उद्देश्य:** इसे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना (NHDP) सहित **विकास, रखरखाव और प्रबंधन** हेतु **अन्य लघु परियोजनाएँ** सौंपी गई हैं।
    - **वर्ष 1998 में शुरू की गई NHDP** भारत में **प्रमुख राजमार्गों को उच्चतर स्तर तक उन्नत, पुनर्वासित और चौड़ा** करने की एक परियोजना है।
    - **विज़न: राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के प्रावधान और रखरखाव** के लिये **वैश्विक मानकों** के अनुरूप **राष्ट्र की आवश्यकताओं** को पूरा करना तथा **उपयोगकर्त्ताओं की अपेक्षाओं** को **सबसे समयबद्ध और लागत-प्रभावी तरीके** से पूरा करना एवं
      **लोगों की आर्थिक भलाई व जीवन की गुणवत्ता** को **बढ़ावा देना**।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ek-ped-maa-ke-naam-20-campaign